हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

25 जुलाई 2026, समय 18:10

- केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना इस्तीफा सौंपा। श्री प्रधान ने कहा, उन्होंने विद्यार्थियों के हित मे इस्तीफा सौंपने का निर्णय लिया।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में देश विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुग्राम की स्वच्छता, सौंदर्यीकरण और व्यवस्थित शहरी विकास को सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बताया ।
- काक्रोच जनता पार्टी के प्रतिनिधियों ने अपना आंदोलन वापस लेने की घोषणा की।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पुन्हाना में आयोजित 'मेवात विकास संकल्प रैली' में मेवात क्षेत्र को करोड़ों रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात दी ।
- हरियाणा में विशेष गहन पुनरीक्षण के पहले चरण का कार्य पूरा हुआ ।

---------------------------------------------------------------------------------------------

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। सोशल मीडिया पोस्ट में, उन्होंने कहा कि पिछले दस दिनों से विद्यार्थियों के विरोध प्रदर्शन के बाद उत्पन्न स्थिति से वे व्यथित हैं और यह उनके लिए व्यक्तिगत प्रतिष्ठा का विषय नहीं है।

श्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि जंतर-मंतर और पूरे देश में वर्तमान स्थिति का राष्ट्रविरोधी ताकतें लाभ न उठा सके और किसी भी विद्यार्थी का भविष्य कानूनी पेचीदगियों में न उलझे इसलिए उन्होंने प्रधानमंत्री को इस्तीफा सौंपने का निर्णय लिया। श्री धर्मेंद्र प्रधान ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन, विश्वास और निरंतर सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र सेवा उनके जीवन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और वे इसके प्रति सदा समर्पित रहेंगे।

श्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि नीट यूजी परीक्षा में अनियमितताओं के बाद, सरकार ने जांच सीबीआई को सौंप दी और परीक्षा रद्द कर दी थी। सरकार ने पुनर्परीक्षा की नई तिथि की भी घोषणा की थी। उन्होंने कहा 16 जुलाई को घोषित नीट- यू.जी. के परिणाम संतोषजनक रहे, जिसमें वंचित पृष्ठभूमि के कई मेधावी विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की है। श्री प्रधान ने

कहा कि सरकार ने अगले वर्ष से इस परीक्षा को कंप्यूटर आधारित मोड में आयोजित करने का निर्णय लिया है।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सवेरे 11 बजे आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का 136वां एपिसोड होगा। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, एआईआर न्यूज़ वेबसाइट और न्यूज़ ऑन एयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण आकाशवाणी, दूरदर्शन, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनल पर भी होगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी क्षेत्रीय भाषाओं में भी इस कार्यक्रम का प्रसारण करेगा।।

-----------------------------------------------------------------------------------------------

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि गुरुग्राम की स्वच्छता, सौंदर्यीकरण और व्यवस्थित शहरी विकास सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल हैं।
आज गुरुग्राम में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में श्री नायब सिंह सैनी ने बताया कि उन्होंने अधिकारियों को शहर की स्वच्छता और सुंदरता पर ध्यान देने के निर्देश दिए हैं।
मुख्यमंत्री ने बताया  कि आज की बैठक में कुल 15 परिवाद रखे गए, जिनमें से 13 का मौके पर ही निपटारा किया गया, जबकि 2 मामलों को आगामी बैठक तक लंबित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारियों को अगली बैठक में इन लंबित मामलों की स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिएहैं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि बैठक में सीएम विंडो को लेकर भी शिकायत मिली ।

मुख्यमंत्री ने बताया कि बैठक में नगर निगम मानेसर क्षेत्र के वजीरपुर एन्क्लेव की विभिन्न जनसमस्याओं को सुना गया। इन का संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को कॉलोनी की समस्याओं का संयुक्त रूप से सर्वेक्षण कर प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

-----------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज नूंह के पुन्हाना में आयोजित 'मेवात विकास संकल्प रैली' में मेवात क्षेत्र के लिए करोड़ों रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात दी और कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि "आज पुन्हाना की यह धरती एक नए युग की शुरुआत की साक्षी बन रही है। वर्षों तक उपेक्षा झेलने वाले मेवात की अब अपनी नई पहचान बना रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा –

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बदलाव जनता के विश्वास, सहभागिता और डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता का परिणाम है।" रैली में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य सत्ता नहीं, बल्कि सेवा है। हर पात्र व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ, हर जरूरतमंद तक सुविधा और हर परिवार तक विकास पहुंचाना ही सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व का उल्लेख करते हुए विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पुन्हाना विधानसभा क्षेत्र के लिए पिनंगवा या पुन्हाना में विश्वविद्यालय की स्थापना की संभावनाओं का अध्ययन करने के लिए समिति गठित की जाएगी। उन्होंने पुन्हाना नगर पालिका में 16 करोड़ 85 लाख रुपये की लागत से ऑडिटोरियम एवं बहुउद्देशीय हॉल, 13 करोड़ 75 लाख रुपये की लागत से खेल स्टेडियम, पिनंगवा खेल स्टेडियम के नवीनीकरण, दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम का डिवीजन और सब-डिवीजन कार्यालय खोलने की घोषणा की। इसके अलावा बिजली विभाग के 32 कार्यों के लिए एक करोड़ रुपए 84 कोस परिक्रमा मार्ग के सौंदर्यीकरण के लिए एक करोड़ रुपये, उप स्वास्थ्य केंद्र के लिए 2 करोड़ 40 लाख रुपए देने सहित कई घोषणाएं की।

------------------------------------------------------------------------

केंद्र सरकार द्वारा मांगें मान लिए जाने के बाद काक्रोच जनता पार्टी ने अपना आंदोलन वापस ले लिया है। केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा और डॉ. जितेंद्र सिंह ने आज सी जे पी के प्रतिनिधिमंडल के साथ तीसरे दौर की बातचीत की, जिसमें परीक्षा प्रणाली में सुधार और पेपर लीक रोकने के उपायों पर चर्चा की गई। बाद में नई दिल्ली में सी जे पी प्रतिनिधिमंडल के साथ एक संयुक्त पत्रकार वार्ता में, श्री नड्डा ने कहा कि बैठक के दौरान सरकार ने सी जे पी की इन मांगों को मान लिया कि प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी और न ही उनके खिलाफ कोई एफ आई आर दर्ज की जाएगी। यदि कोई एफ आई आर दर्ज की गई है, तो उसे वापस ले लिया जाएगा और एफ आई आर की प्रतियां भी उपलब्ध कराई जाएंगी। आत्महत्या करने वालों को मुआवज़ा देने के मुद्दे पर, श्री नड्डा ने कहा कि सरकार पूरी सहानुभूति रखती है और नियमों व विनियमों के अनुसार अधिकतम मुआवज़ा देना सुनिश्चित करेगी।

---------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ए. श्रीनिवास ने कहा कि प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण के पहले चरण का कार्य 100 प्रतिशत पूरा हो गया है। आज चंडीगढ़ में एक पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि अब 31 जुलाई को ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी की जाएगी जिसे वेबसाइट के साथ हर जगह प्रकाशित किया जाएगा।

---------------------------------------------------------------------------